हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 6 मार्च 2026

11 दुधवाखारा-हड़याल-डोकव स्टेशनों के मध्य...



12 शहर व गांवों की गलियों में दिनभर रही धुलंडी की...



शहरी क्षेत्र ढाणी किरारोद की पहाड़ी में दिखा तेंदुआ, प्रशासन ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

# पहाड़ी पर मिले 3 कुत्तों के शरीर के टुकड़े, रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान रखा पिंजरा, रविवार के बाद बुधवार को भी दिखाई दिया तेंदुआ

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौल

शहरी क्षेत्र ढाणी किरारोद में स्थित पहाड़ी पर रविवार के बाद बुधवार एक बार फिर जानवर तेंदुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों की इसकी सूचना प्रशासन को दी। प्रशासन ने फिर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। यहीं नहीं, इस बार बुधवार को पहाड़ी के तलहटी पर पिंजरा भी रखा गया है। हालांकि वन विभाग के अधिकारियों का मानना है कि अब पहाड़ी या इर्द गिर्द तेंदुआ नहीं है। वहां इस एरिया से कहीं ओर चला गया है। ऐसे में लोगों को सजग रहने की जरूरत है।

आपको बताते चले कि नारनौल के आसपास के कई गांवों में पहले भी तेंदुए की मूवमेंट देखी जा चुकी है। हाल ही में गांव दताल में भी दो बार तेंदुआ दिखाई दिया था, जिसके बाद वन्यजीव विभाग ने वहां पिंजरा लगाकर उसे पकड़ने की कोशिश शुरू की हुई है।

बताया जा रहा है कि रविवार शाम ढाणी किरारोद में पहाड़ी की तलहटी पर प्राचीन मंदिर है। इसी मंदिर की छत से बच्चों ने वीडियो बनाई, जिसमें पास के पहाड़ी की चोटी पर जानवर चहलकदमी करते दिखाई दे रहा है। इसके बाद बच्चों सहित ग्रामीण वहां से सुरक्षित जगह पहुंचे और इस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ऐसे में लगातार तेंदुए के देखे जाने की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोग शाम ढलते ही घरों में रहने को मजबूर हैं और बच्चों को बाहर न जाने की हिदायत दी जा रही है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने उसी दिन तुरंत प्रभाव से संबंधित सभी विभागों को सतर्क रहने और आवश्यक कार्रवाई करने के कड़े निर्देश जारी किए थे। वन विभाग व वन्यजीव विभाग की टीमों को भी तुरंत मोर्चे पर लगा दिया गया है। वन्यजीव निरीक्षक व डीएफओ को आदेश दिए गए हैं कि वे तेंदुए की लोकेशन को ट्रैक करें और उसे सुरक्षित तरीके से पकड़ने के लिए उचित रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करें। इसके साथ ही संबंधित एसडीएम को पूरी प्रक्रिया के दौरान विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि वे गांव के लोगों को सतर्क करें और पुलिस की मदद से गांव में ठीकरी पहरा शुरू करवाएं।





नारनौल। पहाड़ी के ऊपर पिछली साइड कुत्ते के शव व लगाया गया पिंजरा। फोटो : हरिभूमि

### सतर्क रहने का किया आह्वान: रजनीश

वन विभाग से रजनीश यादव ने बताया कि रविवार को ढाणी किरारोद की पहाड़ी पर जानवर तेंदुआ दिखाई दिया था। उसके बाद हमारी टीम लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। हमारी जानकारी के हिसाब से अब इस पहाड़ी या आस पास तेंदुआ नहीं है। वह दूर निकल गया। फिर भी अनहोनी से निपटने के लिए वहां पिंजरा रखा है। उन्होंने आस पास के लोगों से आह्वान किया है कि वह सतर्क रहे, सजग रहे।

### पहाड़ी के दूसरी ओर मिले 3 कुत्तों के शव

बुधवार भी वन विभाग की टीम ने पहाड़ी व आस पास क्षेत्र में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इस दौरान ग्रामीण भी जब पहाड़ी पर पहुंचे वहां उन्हें गांव के ही तीन कुत्तों के शव टुकड़ों के रूप में मिले। ग्रामीणों ने इन टुकड़ों की वीडियो भी बनाई। इसके बाद संबंधित विभाग को अवगत करवाया। दूसरी तरफ रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान वन विभाग ने पहाड़ी की तलहटी पर पिंजरा रखा है।

## खबर संक्षेप

### खासपुर के मंदिर से तीन दानपात्र से चुराई नकदी

**नारनौल।** उपमंडल के गांव खासपुर स्थित शिव व श्याम मंदिर में अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। गांव खासपुर के सरपंच प्रतिनिधि दारासिंह ने फैजाबाद पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने दोनों मंदिरों के अंदर घुसकर तीनों दान पात्र तोड़ दिए और उन्हें अपने साथ ले गया। चोरी की यह वारदात रात के समय की बताई जा रही है। ग्रामीणों का अनुमान है कि तीनों दान पात्रों में करीब 15 से 20 हजार रुपये तक की राशि हो सकती है।

### शिव मंदिर से चांदी का मुकुट व दानपात्र चोरी

**कनीना।** खैराना के शिव मंदिर से अज्ञात चोर चांदी का मुकुट व पांच हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। गांव के सरपंच राहुल यादव ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चार मार्च रात्रि चोर मंदिर के गेट व दानपात्र का ताला तोड़कर रुपये चोरी कर ले गए। मंदिर का पुजारी महावीर प्रसाद सुबह पूजा पाठ के लिए मंदिर पहुंचे तो गेट खुला मिला।

### सेल्समैन को बंधक बना शराब लूटी

**कनीना।** गांव बागोत में बहुझोलरी रोड पर बने शराब के ठेके से अज्ञात व्यक्तियों ने सेल्समैन को बंधक बनाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दे दिया। सुनील कुमार वासी बधवाना जिला चरखी दादरी ने सदर थाना पुलिस को बताया कि उसने गणपति वाइंस के नाम से बहु रोड पर शराब का ठेका बनाया हुआ है। सेल्समैन को बंधक बना देशी शराब व बीयर की पेटियां गाड़ी में डालकर फरार हो गए।

### नूनी शेखपुरा में बासोड़ा मेला 9 को

**नारनौल।** गांव नूनी शेखपुरा में नौ मार्च को शीतला माता का विशाल मेला एवं दंगल आयोजित किया जाएगा। मेला कमेटी सदस्यों ने बताया कि आठ मार्च को रांधा–पोवा होगा तथा नौ मार्च को बासोड़ा का मेला लगेगा। जिसमें शीतला माता का आशीर्वाद प्राप्त करने श्रद्धालु मेले में आएंगे। रंग-बिरंगी लाइटों से दरबार जगमगाहट करेगा। नौ मार्च को प्रातः 10 बजे से छंद धमाल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे।

### मूक बधिर व्यक्ति को 6 साल बाद मिला न्याय

**कनीना।** वर्ष 2020 में दायर किए वाद में एक मूक बधिर व्यक्ति को छह साल बाद न्याय मिला है। एडवोकेट ओपी यादव ने बताया कि एसडीजेएम कोर्ट में मूक बधिर व्यक्ति पंकज कुमार की ओर से लाखों रुपये के लेनदेन को लेकर चेक बाउंस का केस दायर किया था। पंकज कुमार के पिता से आरोपित विक्रम ने चार लाख रुपये लिए थे, जिसे समय पर नहीं लौटाया गया। इसके बाद पंकज कुमार के पिता का देहांत हो गया। उसके बाद भी आरोपित ने रुपये नहीं लौटाए। पंकज कुमार ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। एसडीजेएम प्रवीण कुमार ने आरोपित को एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई।

**सफाई व्यवस्था चरमराई : कई जगहों पर चार-पांच दिनों से नहीं पहुंचे सफाई कर्मचारी**

# होली पर्व के बाद शहर में नहीं उठा कूड़ा, लगे गंदगी के ढेर

*मक्खी-मच्छरों की संख्या बढ़ने से बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ा*

मोहल्ला कैलाश नगर के निवासियों का कहना है कि नियमित रूप से कूड़ा उठाने का दावा करने वाली नगर परिषद की व्यवस्था त्योहार के दौरान पूरी तरह से फेल हो गई

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौल

होली के त्योहार के बाद शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई नजर आई। शहर के कई मोहल्लों और मुख्य मार्गों पर दो नहीं, बल्कि चार-पांच दिनों से कूड़ा नहीं उठाया गया, जिस कारण जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। गंदगी के कारण न केवल वातावरण दूषित हो रहा है बल्कि मक्खी-मच्छरों की संख्या बढ़ने से बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। शहरवासी नगर परिषद की इस लापरवाही से काफी नाराज दिखाई दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार पिछले शनिवार और रविवार से ही कई क्षेत्रों में कूड़ा नहीं उठाया गया। इसके बाद सोमवार को होली का त्योहार रहा, मंगलवार को ग्रहण रहा तथा बुधवार को धुलंडी का पर्व और छुट्टी रही। लगातार छुट्टियां होने के कारण शहर में सफाई व्यवस्था लगभग ठप हो गई और कई जगहों पर कूड़े के ढेर जमा हो गए। शहर के मोहल्ला महल, मिश्रवाड़ा, कैलाश नगर, गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के आसपास का क्षेत्र, टीबी अस्पताल के पास, खड़खड़ी, पुरानी मंडी, मोहल्ला रावका व कोलियान सहित कई अन्य इलाकों में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। इन स्थानों पर पड़े कूड़े से दुर्गंध फैल रही है और आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई स्थानों पर दो दिन नहीं, बल्कि चार-पांच दिनों से कूड़ा नहीं उठाया गया है। कूड़े के ढेरों में सड़ रहे कचरे के कारण वातावरण में बदबू फैल रही है और मक्खी-मच्छरों की भरमार हो गई है। लोगों को डर है कि यदि जल्द ही सफाई नहीं हुई तो डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। मोहल्ला कैलाश नगर के निवासियों का कहना है कि नियमित रूप से कूड़ा उठाने का दावा करने वाली नगर परिषद की व्यवस्था त्योहार के दौरान पूरी तरह से फेल हो गई है। लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद भी कूड़ा उठाने के लिए कोई वाहन नहीं पहुंचा। इसके कारण लोगों को मजबूर होकर घरों का कूड़ा सड़कों के किनारे डालना पड़ रहा है।

इसी प्रकार पुरानी मंडी और खड़खड़ी क्षेत्र के लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में गंदगी अधिक होने के कारण दुकानदारों और ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कूड़े के ढेरों के कारण बाजार में बदबू का माहौल बना हुआ है और स्वच्छता व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।





नारनौल। महल मोहल्ला में लगा गंदगी का ढेर व टीबी अस्पताल के कॉर्नर पर पड़ी गंदगी। फोटो : हरिभूमि





नारनौल। पुरानी कचहरी घड़ियों वाला बाबा पीर के पास पड़ी गंदगी। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी की दीवार के साथ पड़ी गंदगी।

### नई कंपनी को दिया गया है टेंडर

उल्लेखनीय है कि नगर परिषद द्वारा हाल ही में शहर से कूड़ा उठाने के लिए नई कंपनी को टेंडर दिया गया है। नई कंपनी के जिम्मे डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और शहर की सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी है, लेकिन व्यवस्था शुरू होते ही त्योहार के दौरान सफाई कार्य प्रभावित होने से लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। शहरवासियों का कहना है कि यदि नगर परिषद को छुट्टियों के दौरान सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका थी तो इसके लिए पहले से ही वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी। त्योहारों के समय शहर में भीड़ बढ़ जाती है और कचरे की मात्रा भी अधिक हो जाती है, ऐसे में सफाई व्यवस्था और अधिक मजबूत होनी चाहिए। लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द शहर के सभी क्षेत्रों से कूड़ा उठवाया जाए और नियमित रूप से सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही भविष्य में त्योहारों या छुट्टियों के दौरान भी सफाई व्यवस्था बाधित न हो, इसके लिए स्थायी योजना बनाई जाए। फिलहाल शहर में जगह-जगह पड़े कूड़े के ढेर नगर परिषद की सफाई व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं। यदि जल्द ही स्थिति नहीं सुधरी तो गंदगी के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### यह कहते हैं अधिकारी

त्योहारी सीजन होने के कारण स्टाफ छुट्टी पर चला जाता है। पहले संडे एवं फिर धुलंडी की छुट्टी के कारण कुछ कूड़ा उठान की समस्या रही, लेकिन अब जैसे ही कार्यालय खुला है, पूरे शहर में कूड़ा उठाने वाले टैंपों, लोडर, टैक्टर-ट्राली आदि भेजकर सफाई करवा दी गई है। जहां ये नहीं पहुंच सके, वहां भी इन्हें भेजकर सफाई करवाई जा रही है। कहीं कोई गंदगी नहीं रहने दी जाएगी।

-सतेंद्र सिंह, एसआई, नगर परिषद, नारनौल

**पिकअप चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू की**

# बाइक व पिकअप की टक्कर में बाइकर की जान गई

*पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा*

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौल

गांव कांवी में हुए सड़क हादसे में पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक युवक के परिजनों के बयान पर पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव कांवी की ढाणी निवासी कुलदीप ने बताया कि वह सिंचाई विभाग में नौकरी करता है। सुबह करीब 4 बजे वह घूमने के लिए मुरारीपुर की तरफ गया हुआ था। वापसी के दौरान जब वह राजेश के खेतों के पास कच्चे रास्ते पर पहुंचा तो उसे उसका चाचा सत्यदेव का लड़का 27 वर्षीय अमित बाइक पर मुरारीपुर की तरफ से आता हुआ मिला।

इसी दौरान पीछे से एक पिकअप गाड़ी का ड्राइवर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए आया और अमित की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अमित बाइक सहित खेत में जा गिरा और बाइक के नीचे दब गया। जब कुलदीप मौके पर पहुंचा और देखा तो अमित की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। बाद में घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीन ऑफ क्राइम टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया तथा जांच शुरू कर दी।

### हादसे में बाइक सवार की मौत

**नारनौल।** नांगल चौधरी थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। इस मामले में मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कांवी की ढाणी निवासी कुलदीप ने बताया कि वह सिंचाई विभाग में नौकरी करता है। बीते कल सुबह करीब चार बजे वह घूमने के लिए मुरारीपुर की तरफ गया हुआ था। वापसी के दौरान जब वह राजेश के खेतों के पास कच्चे रास्ते पर पहुंचा, तो उसे उसका चाचा का लड़का अमित मोटरसाइकिल पर मुरारीपुर की तरफ से आता हुआ मिला। इसी दौरान पीछे से एक पिकअप गाड़ी का चालक तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए आया और मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अमित बाइक सहित खेत में जा गिरा और उसके नीचे दब गया। जब वह मौके पर पहुंचा और देखा तो अमित की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं मृतक का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

***नारनौल।** नागरिक अस्पताल के पास बने अंडरपास के नजदीक ट्रेन की चपेट में आने से करीब 61 वर्षीय राजाराम वासी मोहल्ला रावका की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजाराम के परिवार ने रेल पटरियों के पास मकान बनाया हुआ है तथा वहीं पर रहते हैं। जब राजाराम मकान के बाहर पटरियों पर टहल रहा था, तब वह अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि राजाराम की करीब 20 साल से दिमागी हालत ठीक नहीं थी। इसी कारण वह ट्रेन की पटरियों पर चला गया। जीआरपी ने आवश्यक कार्रवाई करने उपरांत शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम कराया तथा परिजनों को सौंप दिया।*

### अवैध शराब पर पुलिस का एक्शन शराब व लाहन के साथ 5 गिरफ्तार

**नारनौल।** पुलिस विभाग की ओर से जिलेभर में अवैध शराब व मादक पदार्थों की तस्करी तथा बिक्री करने वालों के खिलाफ एक विशेष व सघन अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने इन मामलों में कार्रवाई करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है और उन सभी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत थानों में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इस अभियान के तहत सबसे बड़ी



कार्रवाई थाना शहर पुलिस ने की। टीम ने मोहल्ला भाठवाड़ा में गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 22 पेटी अवैध देशी शराब बरामद की, इस बरामदगी में 108 बोतलें, 216 अद्धे व 200 पव्वे शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर थाना सदर महेंद्रगढ़ पुलिस ने गांव पाली में दबिश देकर आरोपित सुमेर को एक लीटर कच्ची शराब व 21 लीटर कच्चा लाहन अवैध रूप से रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इसके अलावा थाना शहर महेंद्रगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोहल्ला मोदीपुरम में आरोपित जितेन्द्र निवासी आकोदा को 16 बोतल अवैध शराब के साथ दबोचा है। थाना सतनाली व थाना सदर कनीना पुलिस ने भी अपने अपने क्षेत्रों में अवैध शराब तस्करों पर प्रहार किया है। थाना सतनाली पुलिस ने दो अलग अलग कार्रवाई में दो आरोपितों को पकड़ा है। पहली कार्रवाई में गांव बलाना में आरोपित विनोद को 11 बोतल देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया, जबकि दूसरी कार्रवाई में गांव श्यामपुरा में आरोपित संदीप को कुल साढ़े 12 बोतल अवैध शराब के साथ काबू किया। इसके अतिरिक्त थाना सदर कनीना पुलिस ने गांव दौंगड़ा अहीर में छापेमारी कर आरोपित विजयपाल को 53 पव्वे अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

**कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से आंशिक बादलवाही व छिट-पुट बूंदाबांदी की सम्भावना**

# आमजन को दिन में होने लगा गर्मी का अहसास, दिन व रात के तापमान में उछाल

आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहने तथा तापमान में 3.0-5.0 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौल

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में धीरे धीरे गर्मी अपने अंदाज में आने लगी है। साथ ही सम्पूर्ण इलाके में दिन व रात के तापमान में उछाल देखने को मिल रहा है। जिससे आमजन को दिन में गर्मी का अहसास होने लगा है, जबकि सुबह के वक्त मीठी ठंड की खुशबू बरकरार है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में हरियाणा एनसीआर दिल्ली में गर्मी अपने तीखे तेवरों से आगाज करेंगी। हरियाणा एनसीआर दिल्ली के अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम व अधिकतम तापमान सामान्य से 4.0-7.0 डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज किए जा रहे हैं। पिछले 24 घंटों में सर्वाधिक अधिकतम तापमान गुड़गांव में 35.0 डिग्री (जो सामान्य से 7.5 डिग्री ऊपर) दर्ज किया गया। रात्रि तापमान में भी उछाल देखने को मिल रहा है, सबसे अधिक रात्रि तापमान अंबाला 18.4 का दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6.3 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात के तापमान 14.0 डिग्री सेल्सियस से 18.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। वर्तमान में गुजरात व पश्चिमी राजस्थान के आसपास के लगने वाले अरब सागर क्षेत्र के ऊपर एक प्रति चक्रवातीय परिसंचरण (एंटी साइक्लोनिक सर्कुलेशन) तंत्र बना हुआ है। जिसकी वजह से सम्पूर्ण इलाके में हवाओं की दिशा व गति में बदलाव देखने को मिल रहा है। साथ ही हवाओं के पैटर्न में बदलाव देखने को मिल रहा है। हवाओं की दिशा पश्चिमी व 10-15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने से आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहने तथा तापमान में 3.0-5.0 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी होने की संभावना है। हरियाणा के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों में आठ से 10 मार्च के दौरान कहीं-कहीं अधिकतम तापमान 35.0 से 40.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज होने की संभावना है। जिल में नारनौल व महेंद्रगढ़ का दिन और रात का तापमान क्रमशः 34.0, 17.3 डिग्री सेल्सियस व 33.0, 14.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### मौसम का पूर्वानुमान

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि मार्च महीने के पहले पखवाड़े में लगातार तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी, जबकि दुसरे पखवाड़े में मौसम में बदलाव व बादलों की आवाजाही तथा बारिश से तापमान में गिरावट की सम्भावना बन रही है। मार्च महीने के पहले सप्ताह में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में केवल आंशिक बादलवाही देखने को मिली। इसी तरह दूसरे सप्ताह में आठ मार्च व 11 मार्च को एक के बाद एक दो कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में आंशिक बादलवाही ही देखने को मिलेगी। वहीं उत्तरी हिस्सों में केवल छिट-पुट बूंदाबांदी की सम्भावना है, लेकिन तीसरे व चौथे सप्ताह में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बादलों की आवाजाही के बीच बारिश, बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी।



# यमी पेस्ट्री इंट्रेस्टिंग जर्नी

बच्चो, केक के छोटे भाई जैसा दिखने वाले पेस्ट्री का टेस्ट बहुत यमी लगता है न! इसीलिए तो घर या स्कूल में अपने फ्रेंड्स को कोई ट्रीट देनी हो या छोटी-सी भूख लगी हो तो सबसे पहले पेस्ट्री खाने का ही मन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो, इसे सबसे पहले कब, कहां बनाया गया? फिर इसमें कैसे-कैसे बदलाव हुए? जानो, पेस्ट्री की इंट्रेस्टिंग जर्नी के बारे में।

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, पेस्ट्री तो तुम अकसर खाते ही होगे। बाजार में मिलने वाली पेस्ट्रीज, केक का ही छोटा रूप होता है। तुम इसे मिनी केक या केक पीस भी कह सकते हो। तुम्हें यह जानकर हैरानी होगी कि पेस्ट्री कोई नई डिश नहीं है। दुनिया के कई देशों में सदियों से लोगों की फेवरेट डिश रही है। हालांकि पुराने दौर में इसे बनाने का तरीका और इसकी सामग्री अलग हुआ करती थी। प्राचीन मिस्र (अब इजिप्ट), यूनान (अब ग्रीस) और इटली के लोग भी पेस्ट्री खूब पसंद करते थे। माना जाता है कि सबसे पहले मिस्र के निवासियों को ही पेस्ट्री बनाने का आइडिया आया था। तब इसे 'बकलावा' या 'फिलो' कहा जाता था। उस जमाने में इसे अनाज के आटे में शहद, फल और मसाले मिलाकर बनाया जाता था।



### ऐसे बनी पहली मॉडर्न पेस्ट्री

मॉडर्न पेस्ट्री को बनाने की शुरुआत 14वीं शताब्दी के आस-पास हुई थी। उसी समय पहली बार 'कुक बुक्स' में इसकी विधि प्रकाशित हुई थी। इसके बाद से अलग-अलग ढंग की पेस्ट्री बनाने की विधि पूरे यूरोप और फिर पूरी दुनिया में फैली। इसके बाद से पेस्ट्री बनाने की विधि और इसकी सामग्रियों में बदलाव किए जाते रहे।

### बहुत बदल गई पेस्ट्री

पिछली कुछ सदियों में पेस्ट्री के रूप-रंग और इसके टेस्ट में बहुत बदलाव आया है। शुरुआत से लेकर आज तक, पेस्ट्री बनाने की कला में बहुत विकास हुआ है। अब तो नई विधि, अनेक प्रकार की सामग्रियों और आधुनिक उपकरणों की सहायता से एक से बढ़कर एक अट्रैक्टिव शेप-कलर और टेस्टी पेस्ट्री बनाई जाने लगी हैं।



### बिना चीनी के बनती थी पेस्ट्री

बच्चो, पेस्ट्री में अगर मिठास न हो, तो यह एकदम फीकी लगेगी न! लेकिन तुमको जानकर अचरज होगा कि पुराने समय में बनने वाली पेस्ट्री, आज की तरह मीठी नहीं हुआ करती थी, क्योंकि तब इसमें सफेद चीनी का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं किया जाता था। उस समय लोग आमतौर पर शहद या फलों से प्राप्त होने वाली मिठास (जैसे अंगूर से बनने वाली शक्कर आदि) का इस्तेमाल पेस्ट्री को मीठा बनाने के लिए करते थे।





### स्वाद में हुए कई बदलाव

मध्य युग के दौरान अरब देश के वासियों के साथ शेष विश्व का संपर्क शुरू हुआ। इसका प्रभाव उनकी जीवनशैली और खान-पान में भी दिखने लगा। कई व्यंजनों में नई तरह की सामग्रियों को शामिल किया जाने लगा। पेस्ट्री भी इससे अछूती नहीं रही। आज पेस्ट्री बनाने में केसर, अदरक, लौंग जैसे मसाले और बादाम, पाइन नट जैसे मेवे इस्तेमाल किए जाते हैं, यह अरब वासियों की ही देन है।

### तरह-तरह की पेस्ट्री

आज दुनिया भर में पेस्ट्री कई तरह से बनाई जाती है। कुछ बेकर्स, पेस्ट्री में पनीर और मीट भरते हैं। कुछ मेकर्स पेस्ट्री को फलों के पेस्ट से कवर कर देते हैं। भूमध्यसागरीय क्षेत्र के देशों से लेकर यूरोपीय, एशियाई, दक्षिण अमेरिकी देशों में भी पेस्ट्री की ढेरों वैरायटीज मिलती हैं। प्राचीन मिस्रवासी साधारण शहद से बनी पेस्ट्री को खाते थे। क्रोइसेंट, डेनिश और स्ट्रूडल जैसी पफ पेस्ट्रीज को सॉफ्ट बनाने के लिए आटे की कागज जैसी पतली परतों का उपयोग किया जाता है, फिर इसे स्टीम में पकाया जाता है। क्रोइसेंट पेस्ट्री मूलतः ऑस्ट्रिया में बनाई गई, जो बाद में फ्रांस पहुंची और वहां आज भी खूब पसंद की जाती है। डेनिश पेस्ट्री वास्तव में एक फ्रांसीसी आविष्कार है, जो अब दुनिया के कई देशों में बनाई जाने लगी है। *




### दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री

दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री स्पेन की मंटेकाडोस ला मुराला बेकरी कंपनी द्वारा वर्ष 2013 में बनाई गई थी। यह पेस्ट्री 16.25 फीट लंबी, 7.87 फीट चौड़ी थी और इसका वजन 660 पाउंड था। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में इसका नाम दर्ज है। पेस्ट्री की एक साथ सबसे अधिक संख्या में सर्विस किए जाने का रिकॉर्ड हंगरी देश के बुडापेस्ट में एक कार्यक्रम के दौरान हासिल किया गया था। वहां गेस्ट्स को 10,000 से अधिक पेस्ट्री परोसी गई थीं।

जानकारी / नयनतारा



# 12 राज्यों से होकर गुजरती है हिमसागर एक्सप्रेस

बच्चो, तुम सभी ने कभी न कभी ट्रेन की जर्नी जरूर की होगी। लंबी जर्नी के दौरान ट्रेन कई स्टेशनों, शहरों और कई बार तो कई राज्यों से होकर गुजरती है। जानो एक ऐसी ट्रेन के बारे में, जो भारत के सबसे अधिक राज्यों से होकर गुजरती है।



बच्चो, भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है। यूएसए, चीन और रूस ही रेलवे नेटवर्क के मामले में भारत से आगे हैं। भारत में कुल 22,593 ट्रेन हैं, जिनमें से 13,000 से अधिक यात्री ट्रेन हैं, जो रोजाना चलती हैं। कई सारी ऐसी ट्रेनें भी अपने देश में चलती हैं, जो कुछ खास विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं। ऐसी ही एक ट्रेन है हिमसागर एक्सप्रेस।

**गुजरती है 12 राज्यों से:** हिमसागर एक्सप्रेस भारत की एक ऐसी ट्रेन है, जो 12 राज्यों से होकर गुजरती है। यह एक साप्ताहिक ट्रेन है, जो जम्मू-कश्मीर के श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से रवाना होकर तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक पहुंचती है। इस दौरान यह ट्रेन जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु, इन 12 राज्यों से होकर गुजरती है और 66 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर रुकती है। लगभग 73 घंटे में यह ट्रेन 3,791 किमी की दूरी तय करती है।

**नहीं तय करती है सबसे लंबी दूरी:** बच्चो, हिमसागर एक्सप्रेस के बारे में पढ़कर तुम्हें लग रहा होगा कि यह भारत में सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन होगी! लेकिन ऐसा नहीं है। हिमसागर एक्सप्रेस देश की तीसरी और दुनिया की 35वीं सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन है। भारत की सबसे लंबी दूरी तय करने वाली यात्री ट्रेन विवेक एक्सप्रेस है, जो डिब्रूगढ़ (असम) से कन्याकुमारी के बीच कुल 4153 किमी. का सफर तय करती है। यह ट्रेन 9 राज्यों से होकर गुजरती है। इस तरह अधिक दूरी तय करने के बावजूद विवेक एक्सप्रेस, हिमसागर एक्सप्रेस से कम राज्यों से होकर गुजरती है।

कभी तुम्हें मौका मिले तो अपने पैरेंट्स के साथ इस ट्रेन में सफर करना। यह अमेजिंग जर्नी तुम कभी नहीं भूल पाओगे। *

कविता / दिशा ग्रोवर

## आओ घूमें गोल-गोल

धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
आओ बच्चों सब मिलकर
हम भी घूमें गोल-गोल।
हम जो घूमें गोल-गोल
सर भी घूमा गोल-गोल।
संभलो-संभलो देखो तो
हुए-हुए हम रोल-पोल।

चक्कर खाके गोल-गोल।
छोटू-मुन्नू गोल-गोल।
हंसते-हंसते बोले फिर,
घूमेंगे हम गोल-गोल।
धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
कभी न गिरते वे देखो
ऐसे घूमें गोल-गोल।



एआई इमेज



कहानी
सरस्वती रमेश

अपने नए स्मार्ट फोन के फीचर्स सीखने के लिए दादा जी बार-बार शिवम को बुलाते। इससे शिवम खीझने लगा। शिवम के पापा ने उसे दादा जी से खीझते हुए देख लिया। उन्होंने शिवम को कुछ ऐसी बात बताई, जिसके बारे में जानकर उसे अपने व्यवहार पर पछतावा हुआ। वो बात आखिर क्या थी?

## सॉरी दादा जी!


एआई इमेज

शिवम सिक्स्थ क्लास में पढ़ता है। पढ़ाई में तो वह बहुत तेज है ही, लैपटॉप और मोबाइल के ढेर सारे फीचर्स भी जानता है। हाल ही में शिवम के पापा ने उसके दादा जी को एक स्मार्ट फोन दिलाया है। मोबाइल ऑपरेट करने के बारे में कई बातें उन्हें समझा भी दी हैं। जैसे कॉल रिसीव करना, किसी को कॉल लगाना, मैसेज भेजना, फोटो खींचना, और भी बहुत कुछ। मगर दादा जी की अंगुलियां अकसर गलत एप पर टच हो जाती हैं। पापा जी और मम्मी जी तो दिन में ऑफिस चले जाते हैं। फिर दादा जी की मुश्किल कैसे हल हो? दादा जी आवाज लगाते, 'बेटा शिवम, जरा देखना तो यह क्या हो गया मेरे फोन में?'

'जी दादा जी, अभी देखता हूं।' शिवम पलक झपकते ही दादाजी की प्रॉब्लम सॉल्व करते हुए कहता, 'क्या दादा जी आपको इतना भी नहीं पता?'

कभी-कभी दादा जी शिवम की बातों पर झेंप जाते। लेकिन फिर सोचते, 'ठीक ही तो कह रहा है। सिर्फ अंगुली ही तो टीपनी, सरकानी है। वो भी मुझे नहीं समझ आता है।'

एक दिन दादा जी मोबाइल में कुछ देख रहे थे। अचानक उन्हें याद आया, आज तो बीस जनवरी है। मुनमुन का जन्मदिन! मुनमुन उनकी बेटी हैं। वह लखनऊ में रहती हैं। उन्होंने सोचा क्यों न उसे वीडियो कॉल करके जन्मदिन की बधाई दे दी जाए। दादा जी ने बड़े उत्साह से फोन उठाया। स्क्रीन का लॉक खोला। मगर ये क्या क्लिक हो गया। स्क्रीन पर एक रोबोटनुमा आदमी का वीडियो सामने आया। वह बंदूक से ताबड़तोड़ फायर करने लगा। फायरिंग की आवाज इतनी तेज थी कि वे घबराने लगे। उन्होंने फौरन शिवम को आवाज लगाई। शिवम दौड़ता हुआ आया और मोबाइल की तरफ देखते हुए बोला, 'अरे दादा जी, आपने वीडियो गेम ऑन कर दिया है। हमेशा गलत आइकन टच कर देते हैं। फिर मुझे बुलाते हैं।' शिवम की आवाज में खीझ साफ झलक रही थी। असल में उसे दादा जी को बार-बार एक ही चीज समझाने का मन नहीं करता था।

'बेटा, मैं तुम्हारी बुआ को वीडियो कॉल कर रहा था।' दादा जी ने सकुचाते हुए कहा।

शिवम ने एक सेकेंड में बुआजी को वीडियो कॉल लगाकर दादाजी को फोन पकड़ा दिया। मगर उसकी बातों और उसके व्यवहार से दादा जी का बात करने का सारा उत्साह ठंडा हो गया था।

शिवम दादा जी को फोन पकड़ा कर अपने कमरे में चला गया। तभी दादाजी की नजर गेट पर खड़े शिवम के पापा पर पड़ी। असल में शिवम के पापा ने दोनों के बीच हुई सारी बातें सुन ली थीं। वे सीधे शिवम के कमरे में पहुंच गए। अलमारी से कुछ पेपर्स निकाले, फिर शिवम को दिखाने लगे, 'जब तुम छोटे थे तब तुम्हारी मांसपेशियों में कमजोरी बहुत थी। तुम ठीक समय पर चल नहीं सके थे। तब डॉक्टर ने तुम्हारे पैरों की रोज मालिश और चलने की प्रैक्टिस करने की सलाह दी। मुझे और तुम्हारी मम्मी को तो ऑफिस के काम से फुर्सत ही नहीं मिलती थी। तब तुम्हारे दादा जी ही रेग्युलर तुम्हारे पैरों की मालिश करते थे। तुम्हें घंटों अंगुली पकड़कर चलना सिखाते थे। कमजोर होने के कारण तुम बहुत जल्दी थक जाते थे। इसलिए दादा जी रुक-रुक कर पूरे धैर्य से तुम्हारे साथ लगे रहते थे। सोचो, अगर तुम्हारे गिरने या रुकने से दादा जी भी उसी तरह खीझ जाते, जिस तरह तुम उन्हें मोबाइल के फीचर्स बताते हुए खीझते हो, तो तुम आज कैसे अपने पैरों पर खड़े हो पाते?'

पापा की बात सुनकर शिवम को धक्का लगा। उसे अब अपनी गलती का एहसास हुआ, वह उदास स्वर में बोला, 'सॉरी पापा जी, मुझे दादा जी से इस तरह नहीं बात करनी चाहिए थी।'

'सॉरी मुझे नहीं दादा जी को बोलो' पापा ने कहा।

शिवम फौरन दादा जी के पास दौड़ते हुए पहुंचा और बोला, 'सॉरी दादाजी। आज से आप चाहे जितनी बार मुझे बुला लेना। मैं खुशी से आपको मोबाइल चलाना सिखाऊंगा।'

दादा जी को शिवम के बदले बर्ताव की वजह समझते देर न लगी। उन्होंने फौरन शिवम को अपने गले लगा लिया। *

कविता
राजा चौरसिया


एआई इमेज

## हाथी और मच्छर

पप्पू बोला-बड़े ध्यान से
अपने दोनों कान लगाना।
ये है मच्छर वो है हाथी
अंतर मुझको अभी बताना।
डील-डौल की बात छोड़कर
अंतर कोई और बताओ।
अपनी आज अकल का घोड़ा
जितना दौड़ सके दौड़ाओ।
मुन्नू बोला हाथी, मच्छर
में यह अंतर मेरे साथी।
हाथी को मच्छर काटे पर
मच्छर को ना काटे हाथी।

## जीके क्विज-195

1. हाल ही में केरल राज्य का नाम बदलकर किस नाम का प्रस्ताव किया गया है?
2. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी को यूनाइटेड नेशंस ने 'रोड सेफ्टी के लिए ग्लोबल चैंपियन' चुना है?
3. हाल ही में नीदरलैंड के सबसे युवा प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
4. विश्व गौरैया दिवस कब मनाते हैं?
5. हवाई जहाज के ब्लैक बॉक्स का रंग कैसा होता है?
6. पौधे वायुमंडल से कौन सी गैस अवशोषित करते हैं?
7. मानव शरीर में खून साफ करने का काम किस अंग का है?
8. उड़ने वाले गुब्बारे में कौन सी गैस भरी जाती है?
9. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
10. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-195 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-194 का उत्तर :** 1.चैत्र, 2.राशिद खान, 3.22 मार्च, 4.ओडिशा, 5.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, 6.जमशेदपुर, 7.तांबा और टिन, 8.महेश दास, 9.मत्स्य उत्पादन, 10.हाइड्रोजन

**जीके क्विज-194 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, अनाया-ईमेल से, निखिल-सक्ती, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सरोज-रायपुर, केशव-दुर्ग, तमन्ना-बिलासपुर, हर्षित-रोहतक, साकेत-महेंद्रगढ़

## परछाई पहचानो

बच्चो, यहां बाईं तरफ एक बियर (भालू) का चित्र दिया गया है। चित्र के दाईं तरफ कुछ परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ, दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर: 3

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक डकलिंग (बतख का बच्चा) अपनी मां से बिछड़ गया है। तुम उसे उसकी मां और भाई-बहनों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।



## रेलसेवाएं रद्द, मार्ग परिवर्तित, रीशड्यूल व रेगुलेट रहेगी

# दुधवाखारा-हड़याल-डोकव स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य, नारनौल स्टेशन पर होगा गाड़ियों का ठहराव

- उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे की रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

रेलवे की ओर से बीकानेर मंडल के चूरू-सादुलपुर रेलखण्ड के मध्य दुधवाखारा-हड़याल-डोकवा-सादुलपुर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के लिए ऑटोमेटिक सिंगनलिग ब्लॉक लिया जाएगा। इस कार्य हेतु रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे की रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी।

### रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)

गाड़ी संख्या 54789 रेवाड़ी-बीकानेर रेलसेवा 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक (16 ट्रिप) रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 54790 बीकानेर-रेवाड़ी रेलसेवा 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक (16 ट्रिप) रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 14823 जोधपुर-रेवाड़ी रेलसेवा 25 अप्रैल से 28 अप्रैल तक (चार ट्रिप) रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 14824 रेवाड़ी-जोधपुर रेलसेवा 26 अप्रैल से 29 अप्रैल तक (चार ट्रिप) रद्द रहेगी।



### मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं ( प्रारम्भिक स्टेशन से)

#### गाड़ी संख्या 20497
रामेश्वरम-फिरोजपुर रेलसेवा 14 अप्रैल व 21 अप्रैल को (दो ट्रिप) रामेश्वरम से प्रस्थान करेगी। यह परिवर्तित मार्ग वाया रींगस-रेवाड़ी-हिसार-बठिण्डा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा रींगस, नारनौल, रेवाड़ी, भिवानी, हिसार, सिरसा स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

#### गाड़ी संख्या 22471
लालगढ-दिल्ली सराय रेलसेवा 15 अप्रैल व 26 अप्रैल से 28 अप्रैल तक (चार ट्रिप) लालगढ से प्रस्थान करेगी। यह परिवर्तित मार्ग वाया बीकानेर-मेडता बाईपास-फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नोखा, नागौर, डेगाना, मकराना, फुलेरा, रींगस, नीमकाथाना व नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

#### गाड़ी संख्या 22472
दिल्ली सराय- लालगढ रेलसेवा 15 अप्रैल को (एक ट्रिप) दिल्ली सराय से प्रस्थान करेगी यह परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा-मेडता बाईपास-बीकानेर होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीमकाथाना, रींगस, फुलेरा, मकराना, डेगाना, नागौर, नोखा स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

#### गाड़ी संख्या 22421
दिल्ली सराय- जोधपुर रेलसेवा 15 अप्रैल से 28 अप्रैल तक (14 ट्रिप) दिल्ली सराय से प्रस्थान करेगी। यह परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा-डेगाना होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीमकाथाना, रींगस, फुलेरा, मकराना स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

#### गाड़ी संख्या 12324
बाडमेर-हावडा रेलसेवा 25 अप्रैल को (एक ट्रिप) बाडमेर से प्रस्थान करेगी व परिवर्तित मार्ग वाया डेगाना-फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा मकराना, फुलेरा, रींगस, नीमकाथाना, नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

#### गाड़ी संख्या 17019
हिसार-हैदराबाद रेलसेवा 21 व 28 अप्रैल को (दो ट्रिप) हिसार से प्रस्थान करेगी। यह परिवर्तित मार्ग वाया हिसार-रेवाड़ी-रींगस होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा भिवानी, रेवाड़ी, नारनौल, नीमकाथाना स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

#### गाड़ी संख्या 17020
हैदराबाद-हिसार रेलसेवा 25 अप्रैल को (एक ट्रिप) हैदराबाद से प्रस्थान करेगी व परिवर्तित मार्ग वाया रींगस-रेवाड़ी-हिसार होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नीमकाथाना, नारनौल, रेवाड़ी व भिवानी स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

#### गाड़ी संख्या 04725
हिसार-खडकी स्पेशल रेलसेवा 19 व 26 अप्रैल को (दो ट्रिप) हिसार से प्रस्थान करेगी व परिवर्तित मार्ग वाया हिसार-रेवाड़ी-रींगस होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा भिवानी, रेवाड़ी, नारनौल, नीमकाथाना, स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

#### गाड़ी संख्या 04726
खडकी-हिसार स्पेशल रेलसेवा 27 अप्रैल को (एक ट्रिप) खडकी से प्रस्थान करेगी, यह परिवर्तित मार्ग वाया रींगस-रेवाड़ी-हिसार होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नीमकाथाना, नारनौल, रेवाडी, भिवानी स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

#### गाड़ी संख्या 07706
हिसार-काकिनाडा टाउन स्पेशल रेलसेवा 26 अप्रैल को (एक ट्रिप) हिसार से प्रस्थान करेगी। यह परिवर्तित मार्ग वाया रींगस-रेवाड़ी-हिसार होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नीमकाथाना, नारनौल, रेवाड़ी, भिवानी स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

#### गाड़ी संख्या 15624
कामाख्या-भगत की कोठी रेलसेवा 24 अप्रैल को (एक ट्रिप) कामाख्या से प्रस्थान करेगी। यह परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा-डेगाना होकर संचालित होगी।

#### गाड़ी संख्या 19027
बान्द्रा टर्मिनस-जम्मूतवी रेलसेवा 25 अप्रैल को (एक ट्रिप) बान्द्रा टर्मिनस से प्रस्थान करेगी। यह परिवर्तित मार्ग वाया डेगाना-रींगस-रेवाड़ी-हिसार होकर संचालित होगी।

#### गाड़ी संख्या 19028
जम्मूतवी-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा 27 अप्रैल को (एक ट्रिप) जम्मूतवी से प्रस्थान करेगी। यह परिवर्तित मार्ग वाया हिसार-रेवाड़ी-रींगस-डेगाना होकर संचालित होगी।

#### गाड़ी संख्या 04717
हिसार-तिरूपति रेलसेवा 25 अप्रैल को (एक ट्रिप) हिसार से प्रस्थान करेगी। यह परिवर्तित मार्ग वाया हिसार-रेवाड़ी-रींगस होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा भिवानी, रेवाड़ी, नारनौल व नीमकाथाना स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

#### गाड़ी संख्या 22482
दिल्ली सराय-जोधपुर रेलसेवा 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक (तीन ट्रिप) दिल्ली सराय से प्रस्थान करेगी। यह परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा-डेगाना होकर संचालित होगी।

#### रीशड्यूल रेलसेवाएं
गाड़ी संख्या 14823, जोधपुर-रेवाड़ी रेलसेवा 15 अप्रैल को (एक ट्रिप) जोधपुर से अपने निर्धारित समय से चार घंटे देरी से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 26471 बीकानेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत रेलसेवा 16 से 25 अप्रैल तक (10 ट्रिप) बीकानेर से अपने निर्धारित समय से एक घंटे 30 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी।



नारनौल। पौधा भेंट करती डॉ. कृष्णा आर्या। फोटो : हरिभूमि

## सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संकल्प दिलवाया

- सेक्टर में मनोज व यशपाल के आवास पर 1234वीं संकल्प संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

लोकसंस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ की ओर से चलाए जा रहे बाल विवाह निषेध एवं सामाजिक कुरीति उन्मूलन जागरूकता अभियान के तहत सेक्टर में मनोज व यशपाल के आवास पर 1234वीं संकल्प संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवविवाहित युवा प्रदीप व विशेष को बालिका सुरक्षा एवं सामाजिक कुरीतियों में योगदान का संकल्प दिलाया गया।

प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं जिला पीएनडीटी सदस्य डॉ. कृष्णा आर्या ने दहेज रहित विवाह करने के लिए परिवार को पौधा भेंटकर सम्मानित किया और परिवार के लोगों से बेटा बेटी में किसी भी प्रकार का भेदभाव न करते हुए उन्हें शिक्षा, दीक्षा के समान अवसर उपलब्ध करवाने की बात कही।

आर्या ने बताया कि दहेज प्रथा के प्रचलन के कारण लोग बेटियों को बोझ समझने लगते हैं और आज भी गरीब तबकों में लड़कियों को पराया धन मानकर उनका बालविवाह तक करने की फिराक में रहते है, जिसके कारण बालिकाओं का भविष्य अंधकारमय हो जाता है, इसलिए हमें बालविवाह जैसी कुरीति के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

### युवा शक्ति का मिल रहा सहयोग

आर्या ने बताया कि वे बालिका सुरक्षा, कन्या भ्रूणहत्या निषेध एवं बालविवाह रोकथाम जैसी कुरीतियों को जड़ से मिटाने हेतु पिछले 20 साल से लगी हुई हैं। जिसके सकारात्मक परिणाम अब दिखाई देने लगे हैं। आर्या ने बताया कि युवा शक्ति का इस मुहीम में सहयोग मिल रहा है और दहेज प्रथा तथा कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराइयों का खात्मा युवाओं के सहयोग से ही किया जा सकता है, इसलिए नवविवाहित युवाओं से बालिका सुरक्षा संकल्प पत्र भरवाया जा रहा है, आज 593वां संकल्प पत्र भरवाकर 22 हजार 511वां पौधा भेंट किया गया। इस मौके पर चन्द्रोदेवी, मनोज, यशपाल, शकुंतला यादव, सावित्री, स्नेहलता, आशा, इंदु, राजेश, प्रियंका, मनोज, गीता आदि उपस्थित रहे।

### खबर संक्षेप

#### छात्राओं ने विश्वविद्यालय में लहराया परचम

**नारनौल**। हाल ही में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से रसायन विज्ञान तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। हर बार की तरह इस बार भी यदुवंशी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने बहुत ही बेहतरीन परिणाम दिया। कॉलेज की छात्रा किरन यादव पुत्री सतीश कुमार ने छठा स्थान व मुस्कान पुत्री पवन कुमार ने विश्वविद्यालय में नौवां स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों का परिणाम भी बहुत ही सराहनीय रहा। इस उपलक्ष्य में यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी। इस मौके पर संस्था निदेशिका सुरेश यादव, डॉ. प्रदीप यादव, प्राचार्य बजरंग लाल, डॉ. सोनल यादव आदि मौजूद रहे।

#### संत कंवर महाराज 8 मार्च को जींद में

**भिवानी**। राधा स्वामी दिनोद के परम संत कंवर महाराज आगामी 8 मार्च रविवार को जींद भिवानी रोड स्थित गांव बेबीपुर राधा स्वामी आश्रम में संगत को सत्संग एवं आशीर्वाद देंगे सत्संग में आसपास क्षेत्र से हजारों की संख्या में राधा स्वामी के श्रद्धालु भाग लेंगे सत्संग में भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। यह जानकारी राधा स्वामी सत्संग दिनोद के सेवादार संदीप खरकिया ने दी।

#### इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 मार्च तक बढ़ाई

**चरखी दादरी**। इग्नू ने जनवरी 2026 सत्र के लिए सर्टिफिकेट कार्यक्रमों को छोड़कर डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 मार्च तक बढ़ा दी है। यह उन विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर है जो किसी कारणवश अब तक प्रवेश नहीं ले सके हैं और उच्च शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने बताया कि बताया की इग्नू का क्षेत्रीय केंद्र करनाल राज्य के 16 जिलों में फैले 34 अध्ययन केंद्रों के माध्यम से हरियाणा के विद्यार्थियों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं लचीली शिक्षा प्रदान कर रहा है। यह अध्ययन केंद्र ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में कार्यरत हैं, इग्नू की ओपन एवं डिस्टेंस लर्निंग प्रणाली के अंतर्गत विद्यार्थी अपने घर के आसपास रहकर ही पढ़ाई पूरी कर सकते हैं और परीक्षाएं भी नजदीकी परीक्षा केंद्रों पर दे सकते हैं।

## बाबा जगनदास महाराज का लगा मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

दुल्हंडी के दिन गांव बुचोली में बाबा जगनदास महाराज का महान मेला और भंडारे का आयोजन हुआ है। जिसमें गांव बुचोली, सिगड़ा, सिगड़ी, झगडोली, मेघनवास, डुलाना, महेंद्रगढ़ शहर व क्षेत्र के आसपास के गांवों के साथ-साथ दूर दराज के पड़ोसी राज्यों जैसे पंजाब और राजस्थान से भी लोग आकर बाबा के धाम पर अरदास लगाते है और बाबा के दर्शन करके भंडारे में देसी घी से बना प्रसाद ग्रहण करते हैं। बुचौली में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मी एवं समाजसेवी मुकेश चौहान ने बताया कि मंदिर में सुबह आठ बजे राजेश महाराज के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने हवन किया। बाबा के भगत सतीश मेहरा, बैंक मैनेजर अनिल मेहरा एवं जयसिंह नंबरदार ने बताया कि बाबा के धाम में जो श्रद्धालु सच्चे मन से अरदास करके मन्नते मांगता है बाबा उसकी मनोकामना पूर्ण करता है। बाबा का मेला साल में दो बार दशहरा व धुलंडी के दिन लगता है। बाबा के धाम जो भी भक्त श्रद्धा भाव से आते है बाबा उनकी मनोकामना अवश्य पूरी करता है। मेले के समापन के बाद रात्रि में बाबा का जागरण का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्रीय भजन कलाकारों ने बाबा की महिमा का गुणगान किया।



महेंद्रगढ़। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## गुजरवास में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव गुजरवास ठाकुर जी मंदिर में भंडारे तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। होली पर्व पर आयोजित इस कार्यक्रम में एसडी महाविद्यालय नरवाना की छात्राओं ने सांग की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जिला पार्षद शमशेर सिंह मुख्य अतिथि रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ लोक गायक सोनू ठाकुर ने एक भक्ति गीत से किया। तत्पश्चात एसडी महाविद्यालय नरवाना की छात्राओं ने हरियाणा के प्रसिद्ध सांगी पं. मांगेराम द्वारा रचित जयमल फत्ता सांग को रागनियों के माध्यम से आगे बढ़ाया। इस सांग के माध्यम से देश धर्म के प्रति त्याग तथा वचन की लाज़ रखने का संदेश दिया गया।इस मौके पर सरपंच वर्षा रानी ने कहा कि सांग हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है, जो हमें हमारे पूर्वजों की कहानियों और मूल्यों से जोड़ता है। इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों केआयोजन से समाज में आपसी सद्भावना का भाव पैदा होता है, जो हमारे गांव के विकास के लिए बहुत जरूरी है।



मंडी अटेली। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### संस्कृति और समाज के बीच गहरा संबंध

मुख्य अतिथि शमशेर सिंह ने कहा कि संस्कृति और समाज के बीच गहरा संबंध है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है और हमें एक मजबूत समाज बनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि मालदेव और जयमल की कहानी हमें वचन की लाज, स्वामीभक्ति, वीरता और आत्म स्वाभिमान की रक्षा का संदेश देती है। इसलिए हमें जीवन मूल्यों को आत्मसात कर समाज को मजबूत बनाने का प्रयास करना चाहिए।इस मौके पर पवन पंच, ओमप्रकाश आर्य, रमेश नंबरदार, सत्यवीर सिंह, नम्बरदार बीर सिंह, लक्ष्मीचंद रोहिला, सुनिल सिंह, अंकुर शर्मा पंच, रवि लखेरा, ओमप्रकाश चौहान, राजेंद्र वर्मा, बिजेंद्र सैन, भवानी सिंह, संदीप अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## शांति व उत्साह पूर्वक मनाया फाग उत्सव

**कनीना**। क्षेत्र में चार मार्च को होली के बाद फाग उत्सव का पर्व शांति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दो मार्च को होलिका पूजन के बाद तीन मार्च को हुए चंद्रमा ग्रहण के चलते रंगोत्सव चार मार्च को मनाया गया। सायं तक कहीं से भी किसी अप्रिय घटना के समाचार नहीं थे। बच्चों व युवाओं ने पिचकारी एवं रंग गुलाल लगाकर खुशी जताई। ग्रामीण क्षेत्र में आपसी मतभेद भुलाकर उत्साह पूर्वक रंग उत्सव में हिस्सा लिया। गुढ़ा गांव में युवाओं ने पिचकारी व गुलाल के साथ फाग उत्सव मनाया। दूसरी ओर होली के हुडदंग को रोकने के लिए सदर व सिटी थाना पुलिस कर्मचारी लगातार नजर बनाए हुए थे। डीएसपी दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस की सतर्कता से क्षेत्र में होली का त्योहार शांतिपूर्वक मना।

## ढाणी बाठोठा में होली के अवसर पर भक्ति की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

ढाणी बाठोठा गांव में होली के पावन पर्व पर एक अनुपम दृश्य देखने को मिला। गांव के युवाओं ने अपनी अटूट आस्था व भक्ति का प्रदर्शन करते हुए प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान जी को भव्य ध्वजा चढ़ाई। यह धार्मिक यात्रा गाजे बाजे, ढोल नगाड़ों और जयकारों के साथ निकाली गई। जिसमें गांव के सैकड़ों युवा उत्साहपूर्वक शामिल हुए। युवाओं की यह पहल न केवल धार्मिक थी बल्कि सामुदायिक एकता और सकारात्मक ऊर्जा का भी प्रतीक बनी। होली के रंगों के बीच भगवान बजरंगबली के प्रति समर्पण ने पूरे गांव में भक्ति की लहर दौड़ा दी। इस यात्रा के सफल आयोजन में प्रमुख रूप से जयवीर यादव, पुनीत यादव, धनराज यादव, रोहित यादव, रोबिन, अंशुल यादव, दिनेश यादव, योगेश यादव, पंकज यादव, बुधराम, संजय, नितिन यादव, प्रशांत शर्मा, नितेश यादव, भूपेंद्र यादव, कुलदीप, अश्वनी यादव, अंकित शर्मा, अभिषेक यादव, कृष्ण यादव सहित कई अन्य युवा भक्तों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इन युवाओं की मेहनत व संगठन क्षमता से यह कार्यक्रम बेहद सफल रहा।



नारनौल। ध्वजा लेकर जाते युवक। फोटो : हरिभूमि

## आरपीएस कॉलेज में स्पोर्ट्स मीट कल से

**महेंद्रगढ़**। आरपीएस कॉलेज बलाना में डॉ. ओपी यादव मेमोरियल एनुअल स्पोर्ट्स मीट 6 मार्च से आरंभ हो रही है। एनुअल मीट के संयोजक प्रो. आर एस यादव ने बताया कि छह और सात मार्च को कॉलेज की वार्षिक स्पोर्ट्स मीट स्पर्धा 2026 का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित किए जाएंगे, जिसमें रेस 100 मी., 200 मी., 400 मी., रेस 800 मी., 1500 मी., रिले रेस, लॉन्ग जंप, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट, हाई जंप, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस का आयोजन किया जाएगा। आरपीएस कॉलेज निदेशक डॉ. महेश कुमार यादव ने बताया कि एनुअल स्पोर्ट्स न्यूज़ के शुभारंभ पर एमडी देसी रॉकस्टार विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे।

## पूर्व डिप्टी सीएम ने महेंद्र सिंह के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

महेन्द्रगढ़ में स्वर्गीय महेंद्र सिंह शेखावत की रस्म पगड़ी के अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पहुंचे और शोक संतप्त परिवार के बीच बैठकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। स्वर्गीय महेंद्र सिंह शेखावत न्यायमूर्ति नरेश शेखावत के बड़े भाई थे। इस अवसर पर दुष्यंत चौटाला ने शेखावत परिवार के सदस्यों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि महेंद्र सिंह शेखावत एक बेहद सरल, स्नेही, परिवार व समाज को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति थे। उनके जाने से केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र को गहरा दुख पहुंचा है। इसके बाद जिला प्रधान राजकुमार खातोद के कार्यालय पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए और 13 मार्च को हांसी में युवा साथियों की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर पहुंचने का निमंत्रण दिया। इस मौके पर जिला प्रधान राजकुमार खातोद, ओमप्रकाश इंजीनियर, कैलाश पालड़ी, हलका प्रधान दिनेश राजपूत, विजय छिलरो, वीरेन्द्र घटाशेर, रवींद्र गागड़वास, योगी अदलपुर, हैप्पी खुडाना, अभिषेक कुरावटा, महेंद्र खन्ना, प्रमोद ताखर, विजयपाल अधिवक्ता, महिला जिला प्रधान सोनिया धनखड़, हलका प्रधान संतोषा, माडूराम, बजरंग गुर्जर, सतीश, पवन आदि मौजूद थे।



## बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में सम्मान हुआ समारोह

**महेंद्रगढ़**। सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह गर्व और उत्साह का प्रतीक बन गया। जब कक्षा द्वितीय के छात्र सक्षम पुत्र अजीत सिंह ने प्रतिष्ठित सिल्वर जोन ओलंपियाड में ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। इतनी कम आयु में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त करना विद्यालय के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। इसके साथ ही राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भारत को जानो प्रतियोगिता में हिमांशु ने प्रथम स्थान, अपशिष्ट से श्रेष्ठ विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में ऋतु ने तृतीय स्थान तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में नक्श ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य रामबीर यादव ने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वहीं चेयरमैन रूपराम यादव ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। समारोह के अंत में पूरे विद्यालय में हर्ष और गौरव का वातावरण देखने को मिला।

### गुवानी में बाबा गैबीराम के मेले एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

## काला पहलवान को हराकर 71 हजार की कुश्ती रोहित मोर ने जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

क्षेत्र के गांव गुवानी में बाबा गैबीराम के मेले एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मेले में मुख्य अतिथि नारनौल के विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव तथा विशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार रहे।

इस दौरान गांव की सरपंच रीना यादव ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। 71 हजार रुपये की इनामी कुश्ती में मिर्चपुर हिसार के रोहित मौर ने काला पहलवान को हराकर जीत हासिल की। वहीं 61 हजार रुपये की कुश्ती अर्जुन पहलवान और सोमवीर के बीच हुई। दोनों पहलवानों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें अर्जुन पहलवान ने कड़ी मशक्कत के बाद जीत दर्ज की। वॉलीबॉल स्मेसिंग प्रतियोगिता में गुवानी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 31 हजार रुपये का पुरस्कार जीता, जबकि गुरुग्राम की टीम को द्वितीय स्थान पर 21 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में खरक जाटान की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 51 हजार रुपये तथा गजवान की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 31 हजार रुपये का नगद पुरस्कार हासिल किया।

इस मौके पर सरपंच रीना यादव ने बताया कि गांव में हर वर्ष धुलंडी के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। बाबा गैबीराम के नाम और आशीर्वाद से मेले की शुरुआत की जाती है।




मंडी अटेली। विजेता को सम्मानित करते पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव।

### रात्रि के समय हुआ रागिनी कार्यक्रम

रात्रि के समय रागिनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें तरुण बालियान एंड पार्टी ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि दिनेश यादव, भूपसिंह, झल्लूराम, अनिल शर्मा, राजबीर, तेजप्रकाश, अजय, अनिल, पवन, मुकेश, राहुल शर्मा, संदीप इंजीनियर, रमेश, संतोष, सत्यप्रकाश, योगेश व सज्जन सिंह सहित पंचों और ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### रॉड से हमला करने वाले 3 आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** थाना नांगल चौधरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांव सिरोही बहाली में एक व्यक्ति पर लोहे की रॉड व पाइप से हमला करने के मामले में तीनों नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किए गए लोहे के पाइप व रॉड भी बरामद कर लिए हैं। शिकायतकर्ता शेरसिंह निवासी सिरोही बहाली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 24 फरवरी की शाम उसके ही गांव के सिद्धार्थ, लोकेश व नरेन्द्र ने उसे रोककर पहले बेवजह गाली गलौज की और बाद में शनि मंदिर के पास उस पर लोहे की रॉड और पाइप से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में शेरसिंह के हाथ व पैर टूट गए थे।

### गगन दायमा बने नांगल चौधरी मंडल के महामंत्री

**नांगल चौधरी।** भाजपा मंडल के प्रधान कर्मबीर सिंह की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। जिसमें सरकार की नीतियों व उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने की रूपरेखा बनाई गई। इसके बाद गगन दायमा को मंडल महामंत्री का कार्यभार सौंपा गया। जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत होने पर उन्होंने मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार जाताया। उन्होंने बताया कि भाजपा में कर्मठ कार्यकर्ताओं को संगठन में दायित्व सौंपने की परंपरा बनी हुई है। गगन दायमा ने पार्टी हितों को प्राथमिकता देते हुए जन जन तक सरकार की नीतियों को पहुंचाने में बड़ा योगदान दिया है।

### महिला ने दर्ज कराया दहेज प्रताड़ना का केस

**नारनौल।** क्षेत्र के गांव जाट गुवाना में दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने शिकायतकर्ता के पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव जाट गुवाना निवासी कोमल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दी शिकायत दी में बताया कि उसकी शादी 22 फरवरी 2023 को झज्जर जिले के गांव दुजाना निवासी राकेश के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में परिवार ने अपनी सामर्थ्य से अधिक करीब 10 लाख रुपये खर्च कर दान-दहेज और घरेलू सामान दिया था। पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति राकेश ने दहेज कम लाने को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोपी बार-बार मोटरसाइकिल और पांच लाख रुपये की मांग करता था। विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देता था।

### नांगल मोहनपुर की शांति देवी का निधन

**महेंद्रगढ़।** गांव नांगल मोहनपुर की शांति देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय पंडित जुगल किशोर शर्मा का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके बेटे नवीन शर्मा ने बताया कि उसकी माता शांति देवी बहुत ही सामाजिक व मिलनसार महिला थी, वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गई है। इनकी रस्म पगड़ी 13 मार्च को रखी गई है। इनकी शोक सभा में डॉ. सुरेश कुमार, लालचंद शर्मा, त्रिलोक शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, डॉक्टर राकेश शर्मा, गौड़ ब्राह्मण सभा के उपप्रधान बुद्धि प्रकाश शर्मा, उमादत्त कौशिक व आसपास के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## नारनौल क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया धुलंडी पर्व

# शहर व गांवों की गलियों में दिनभर रही धुलंडी की धूम, डीजे की धुन पर झूमे

- रंगों से सुबह से सराबोर नजर आए बच्चे, युवा एवं नर-नारियां
- नशेड़ियों व शराबियों पर नजर रखने के लिए पुलिस रही सतर्क, जगह-जगह की गई नाकेबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

क्षेत्र में धुलंडी का पर्व पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह होते ही शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लोग रंगों में सराबोर नजर आए। बच्चे, युवा और महिलाएं एक-दूसरे को गुलाल लगाकर धुलंडी की शुभकामनाएं देते दिखाई दिए। शहर के विभिन्न मोहल्लों, कॉलोनियों और बाजारों में सुबह से ही रंगों की मस्ती शुरू हो गई थी। बच्चों ने पिचकारियों से रंग बरसाए, जबकि युवाओं की टोलियां ढोल और डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए एक-दूसरे को रंग लगाती नजर आईं। कई स्थानों पर युवाओं ने चौक-चौराहों और खाली मैदानों में डीजे लगाकर सामूहिक रूप से धुलंडी का उत्सव मनाया। इस दौरान युवक गुलाल उड़ाते हुए होली के गीतों पर जमकर थिरकते दिखाई दिए। महिलाओं ने भी उत्साह के साथ इस पर्व को मनाया। कई कॉलोनियों और मोहल्लों में महिलाओं ने एकत्र होकर एक-दूसरे को गुलाल लगाया और पारंपरिक गीतों के साथ होली की खुशियां साझा कीं। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर मिठाइयां खिलाईं और पर्व की बधाई दी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी धुलंडी की अलग ही रौनक देखने को मिली। गांवों की चौपालों और गलियों में युवाओं की टोलियां ढोलक की थाप पर फाग गीत गाती नजर आईं। बुजुर्गों ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।



नारनौल। होली के रंगों में रंगे नजर आए गणमान्य नागरिक।

## सिहमा में प्राकृतिक होली मिलन समारोह मनाया

**मंडी अटेली।** होली पर्व के उपलक्ष्य में सिहमा स्थित बाबा खेतानाथ प्राकृतिक चिकित्सालय में प्राकृतिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों, रोगियों तथा प्रकृति चिकित्सा से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्राकृतिक तरीके से होली मनाने का संदेश दिया। इस मौके पर प्राकृतिक चिकित्सक सुरेंद्र सिहमा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्राकृतिक औषधियुक्त मिट्टी स्नान मडबाथ रहा। इसमें उपस्थित लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ की जानकारी दी गई। चिकित्सालय की टीम ने बताया कि मिट्टी स्नान शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने, त्वचा रोगों में लाभ पहुंचाने तथा शरीर को प्राकृतिक रूप से ऊर्जावान बनाने में सहायक होता है। योग एवं प्राकृतिक जीवनशैली मार्गदर्शक सत्यपाल यादव ने कहा कि बढ़ती बीमारियों से बचने के लिए प्राकृतिक जीवनशैली अपनाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नियमित योग, संतुलित आहार और प्राकृतिक उपचार पद्धतियां व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि होली जैसे त्योहारों पर रसायनिक रंगों से बचते हुए प्राकृतिक रंगों और पारंपरिक तरीकों से ही त्योहार मनाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रकृति के करीब रहकर जीवन जीना ही सच्चे स्वास्थ्य की कुंजी है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। अंत में सभी ने आपसी भाईचारे, स्वास्थ्य जागरूकता और प्राकृतिक जीवनशैली के संदेश के साथ प्राकृतिक होली उत्सव मनाया।

# हवन में आहुति डाल प्राकृतिक रंगों से तिलक लगा खेली होली



महेंद्रगढ़। हवन करते हुए।

**महेंद्रगढ़।** स्वामी ब्रह्मानंद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा ट्रस्ट बुचोली रोड नजदीक यदुवंशी स्कूल में एक दिवसीय प्राकृतिक धुलंडी मिलन समारोह आयोजित किया गया। पिछले 14 वर्षों से निरंतर चले आ रहे प्राकृतिक होली धुलंडी मिलन कार्यक्रम में हर वर्ष की भांति इस बार भी केमिकल युक्त रंगों से दूर प्राकृतिक स्वास्थ्यवर्धक मनभावक होली धुलंडी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हवन के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें विधायक कंवर सिंह यादव ने भाग लेकर सभी को धुलंडी पर्व की शुभकामना दी। इस कार्यक्रम में अनहद शक्ति फाउंडेशन की पूरी टीम एवं सभी प्राकृतिक योग प्रेमियों ने आहुति के साथ शांति सोहार्द एवं विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस कार्यक्रम में विशेष प्राकृतिक औषधियों से युक्त मड़ बाथ मिट्टी स्नान व केसर तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा के साथ इस का सफल आयोजन हुआ। साथ ही भारतीय सनातन पुरातन संस्कृति के उत्थान के लिए, संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें शिक्षाविदों और क्षेत्र के लोगों ने अपने विचार साझा किए। विधायक कंवर सिंह सिंह ने बताया कि ऐसे सात्त्विक कार्यक्रम संपूर्ण देश में होने चाहिए और इस तरह के कार्यक्रम से जुड़कर युवा अपनी परंपरा को जीवित लंबे समय तक रख सकते हैं। साथ ही महिलाओं के लिए औषधियुक्त उबटन की और सभी के लिए प्राकृतिक पौष्टिक आहार की व्यवस्था के साथ मनोरंजन के लिए राजस्थानी फाग प्रोग्राम का भी आयोजन हुआ।

### प्रकृति से जुड़ें

मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ. भंवर सिंह कसाना ने बताया कि इन्हीं कार्यक्रमों के माध्यम से प्रकृति से जुड़कर हम अपनी संस्कृति की ओर पुनः लोट सकते हैं। अंत में संस्था के प्रधान कैप्टन राजेंद्र सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया व निवेदन किया कि आगे भी आप समय-समय पर आकर प्राकृतिक चिकित्सा का लुफ्त उठाते रहे। इस अवसर पर सांस्कृतिक अहीरवाल के निदेशक सत्यव्रत शास्त्री, राजेंद्र उनींदा, वेदांत न्यूरो केंद्र सिहमा से डॉ रोहताश, डॉ मनीष सीहमा, नीरज मेदार्थी, प्रो सुभाष चंद्र शर्मा, कप्तान सज्जन, महिला चिकित्सक कृष्णा कसाना व संस्था के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बाला जी मंदिर में युवाओं को भारतीय संस्कृति अपनाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

नपा के वार्ड 11 में धुलंडी के अवसर पर बालाजी मंदिर में उत्सव आयोजित किया गया। जिसमें समाजसेवी सुधीर चौधरी व नपा के वाइस चेयरमैन मुकेश शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। इसके बाद युवाओं को भारतीय संस्कृति का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। भारतीय संस्कृति के सिरमौर होने का दूसरा कारण ग्रामीण मेले हैं, जिनसे युवाओं को प्राचीन परंपराओं से रूबरू होने का अवसर मिलता है। शहर के वार्ड 11 ढाणी कुंभावाली में धुलंडी पर चौंच वाले मंदिर में मेला आयोजन की परंपरा बनी हुई है। गायक कलाकार तरुण बालियान, सुरेश बेनीवाल, टीना पटोदी, छाया चौधरी ने भजनों के माध्यम से युवाओं को सामाजिक बुराइयां मिटाने का संदेश दिया। इस मौके पर नंदलाल, भवानी शंकर जोशी आदि मौजूद रहे।



नांगल चौधरी। सुधीर चौधरी को सम्मानित करती मेला कमेटी। फोटो : हरिभूमि

# लीगल एड जागरूकता वैन को किया रवाना

## वैन जिले के दूरदराज के गांवों में जाकर लोगों को करेगी जागरूकः नीलम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों व सरकार की ओर से दी जाने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वीरवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने एडीआर सेंटर से जागरूकता मोबाइल प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीजेएम नीलम कुमारी ने कहा कि यह वैन जिले के दूरदराज के गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करेगी। वैन के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता, महिला एवं बाल अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों के अलावा नालसा व हालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जागरूकता के साथ साथ युवाओं को नशा मुक्त अभियान से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा।



नारनौल। जागरूकता मोबाइल प्रचार वैन को रवाना करती सीजेएम नीलम कुमारी।

### 14 को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने बताया कि आगामी 14 मार्च को नारनौल, महेंद्रगढ़ व कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस, सड़क दुर्घटना दावे एवं अन्य आपसी विवादों का आपसी समझौते से निपटारा किया जाएगा। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे लोक अदालत में अधिक से अधिक अपने केस से संबंधित फाइल लगवाएं।



नारनौल। नागरिकों की शिकायतें सुनते सीटीएम डॉ. मंगल सेन। फोटो : हरिभूमि

## समाधान शिविर में 15 नागरिकों की सीटीएम ने सुनीं समस्याएं

**नारनौल।** सरकार के निर्देश अनुसार लघु सचिवालय स्थित मीटिंग हॉल में वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सीटीएम डॉ. मंगलसेन ने मौके पर पहुंचे व 15 नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर शिविर में पीपीपी से संबंधित शिकायतों का डेस्क लगाकर निपटारा किया गया। सीटीएम ने कहा कि परिवार पहचान पत्र केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि वास्तविक लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सबसे सशक्त माध्यम है। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि पात्र व्यक्ति को लाभ से वंचित कर सकती है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीटीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन शिकायतों का समाधान मौके पर संभव नहीं है, उनका रिकॉर्ड डिजिटल पोर्टल पर दर्ज किया जाए। इस मौके पर डीएसपी भारत भूषण, जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# वकीलों ने सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

## अटेली मंडी तहसील परिसर की जर्जर स्थिति पर रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला बार एसोसिएशन ने अटेली मंडी तहसील परिसर व बीडीपीओ कार्यालय परिसर की जर्जर स्थिति, गंदगी व वॉशरूम्स की दुर्दशा के संबंध में ज्ञापन सीटीएम डॉ. मंगल सेन को सौंपा। ज्ञापन में दोनों परिसरों में टाइलिंग कार्य करवाने, कूड़ा-करकट उठवाकर नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, वॉशरूम की सफाई व मरम्मत के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठाने की मांग की। इस अवसर पर प्रधान संतोष सिंह यादव, संयुक्त सचिव चंद्रदेव यादव, कोषाध्यक्ष सुगन सिंह व लाइब्रेरियन परमिंद्र यादव उपस्थित रहे। प्रधान संतोष सिंह यादव ने बताया कि इस विषय को इससे पहले भी उपायुक्त के संज्ञान में लाया गया था। इसके पश्चात बीडीपीओ अटेली मंडी व पंचायत समिति के अध्यक्ष के साथ मौके पर जाकर स्थिति का निरीक्षण भी किया था।



नारनौल। सीटीएम डॉ. मंगल सेन को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

प्रधान ने कहा कि बार एसोसिएशन ने जनसुविधा व स्वच्छता के इस मुद्दे को एक बार फिर गंभीरता से उठाया है और आशा व्यक्त की कि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई करेगा, ताकि तहसील व बीडीपीओ कार्यालय आने वाले नागरिकों को स्वच्छ व सुगम वातावरण प्राप्त हो सके।

# कृषि विज्ञान केंद्र ने मोड़ी में मनाया खेत दिवस

## उन्नत कृषि क्रियाओं को अपनाएं किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा अनुसूचित जाति उप परियोजना जोधपुर के अंतर्गत वीरवार को गेहूं की फसल पर गांव मोड़ी में खेत दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान केंद्र वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अशोक ढिल्लो ने किसानों को कृषि परिवेश के बदलते स्वरूप के अनुसार वैज्ञानिकों की सलाह से उन्नत कृषि क्रियाओं को अपनाने के लिए जोर दिया, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ सके। खेत दिवस के आयोजक एवं पौध रोग वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र यादव ने किसानों को गेहूं की फसल को बिजाई के समय बीज उपचार तथा बाद में उनमें लगने वाले रोगों के लक्षण विशेष रूप से पीला रतवा के प्रकोप के बचाव के लिए प्रोपिकोनाजोल 200 मिलीलीटर दवा को 200 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति एकड़ छिड़काव करने की सलाह दी और इस समय हल्की सिंचाई करने की जानकारी दी। केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. पूनम यादव ने किसानों को परंपरागत खेती के साथ-साथ कृषि विविधिकरण के अंतर्गत मशरूम, मधुमक्खी और डेयरी पालन और केंद्र में होने वाली विभिन्न ट्रेनिंग में जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान किसानों को गेहूं की फसल के प्रदर्शन प्लांट, 826 किस्म का अवलोकन भी करवाया गया। लगभग 40 किसानों ने भाग लिया।

# पीपीपी व पेंशन की समस्याएं रखीं

## डीसी ने दिए तत्काल समाधान करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

डीसी कैप्टन मनोज कुमार की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कोर्ट रूम में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मौजूद रही। समाधान शिविर में आमजन की सुनने के दौरान डीसी ने आमजन से कहा कि समाधान शिविर शिकायतों के निदान का केंद्र बन रहे हैं, ऐसे में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों में लोग अपनी शिकायतों के निवारण के लिए पहुंच सकते हैं। समाधान शिविर में कुल 17 समस्याएं रखी गई। डीसी ने समाधान शिविर में आई परिवार पहचान पत्र, पेंशन, गली निर्माण, अवैध कब्जे, बिजली विभाग, सड़क निर्माण संबंधित शिकायतों को विभाग के अधिकारियों को तय समय में समाधान करवाकर समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में एसडीएम कनिका गोयल, परिवार पहचान पत्र के कोर्डिनेटर सतीश खोला, तहसीलदार अजय कुमार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मनोज कुमार, नगर पालिका सचिव गौरव कुमार मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। लोगों की समस्या सुनते प्रशासनिक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा की 37 सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थाओं की निकली रैंकिंग

# बाबा खेतानाथ पॉलिटेक्निक को प्रदेश में छठा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक ने पूरे हरियाणा की 37 सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थाओं में शानदार छठा स्थान प्राप्त कर शिक्षा जगत में अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संस्थान को सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिशिएशन प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह संस्थान गुणवत्ता, अनुशासन, प्लेसमेंट और शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करता हुआ शीर्ष संस्थानों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि थे तथा राज्यमंत्री एवं युवा खेल मंत्री गौरव गौतम, तकनीकी शिक्षा के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग तथा महानिदेशक तकनीकी शिक्षा विभाग प्रभजोत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।



नारनौल। मंत्री से सर्टिफिकेट प्राप्त करते प्रधानाचार्य अनिल यादव। फोटो : हरिभूमि

### उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता से मिली पहचान

संस्थान की ओर से यह सम्मान प्रधानाचार्य इंजीनियर अनिल यादव एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर अनिल कुमार यादव ने विधिवत ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि यह सफलता केवल रैंकिंग नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत, शिक्षकों की प्रतिबद्धता, स्टाफ की मेहनत और विद्यार्थियों के अनुशासित प्रयासों का परिणाम है। गौरतलब है कि पूरे हरियाणा में कुल 37 पॉलिटेक्निक संस्थान कार्यरत हैं, जिनमें से छठा स्थान प्राप्त करना किसी भी दृष्टि से साधारण उपलब्धि नहीं है। यह रैंकिंग संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशिक्षण व्यवस्था, औद्योगिक सहयोग, प्लेसमेंट रिकॉर्ड, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी और समग्र विकास को दर्शाती है। स्थानीय नागरिकों, पूर्व छात्रों और अभिभावकों ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। क्षेत्र के शिक्षा प्रेमियों का मानना है कि यह सफलता आने वाले समय में संस्थान को और ऊंचाइयों तक ले जाएगी तथा क्षेत्र के युवाओं को बेहतर तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी।